1. ‘International’ के लिए निम्नलिखित में से सही स्वीकृत हिंदी शब्द कौन सा है ?

(a) अंतरराष्ट्रीय

(b) अंतर्राष्ट्रीय

(c) अंतर्राष्ट्रिय

(d) अंत:राष्ट्रीय

2. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन-I और कथन-II । इन दोनों कथनों की सावधानी से परीक्षा कीजिए और इस प्रश्न का सही उत्तर चुनिए :

कथन- I कवि केदारनाथ सिंह को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है

कथन- II ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रतिवर्ष हिंदी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है

(a) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) कथन-I सत्य है किंतु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है किंतु कथन-II सत्य है

3. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन-I और कथन-II । इन दोनों कथनों की सावधानी से परीक्षा कीजिए और इस प्रश्न का सही उत्तर चुनिए :

कथन- I भारत-विभाजन पर हिंदी में कई रचनाएँ लिखी गई हैं

कथन- II ‘झूठा सच’ भारत-विभाजन पर केंद्रित उपन्यास है

(a) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) कथन-I सत्य है किंतु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है किंतु कथन-II सत्य है

4. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन-I और कथन-II । इन दोनों कथनों की सावधानी से परीक्षा कीजिए और इस प्रश्न का सही उत्तर चुनिए :

कथन- I भारतेंदु हरिश्चंद्र ने उर्दू में कविताएँ लिखी हैं

कथन- II भारतेंदु हिंदी साहित्य के युग प्रवर्तक रचनाकार थे

(a) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) कथन-I सत्य है किंतु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है किंतु कथन-II सत्य है

5. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन-I और कथन-II । इन दोनों कथनों की सावधानी से परीक्षा कीजिए और इस प्रश्न का सही उत्तर चुनिए :

कथन- I रामदरश मिश्र को उनके कविता-संग्रह के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया

कथन- II साहित्य अकादमी प्रति वर्ष हिंदी कविता विधा के लिए किसी एक कवि को सम्मानित करती है

(a) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) कथन-I सत्य है किंतु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है किंतु कथन-II सत्य है

6. निम्नलिखित में से कौन सी एक भाषा द्रविड़ परिवार की ***नहीं*** है ?

(a) कन्नड़

(b) कोंकणी

(c) तमिल

(d) तेलुगु

7. कालिदास कृत 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' का किस पाश्चात्य विद्वान ने अंग्रेजी में अनुवाद किया है ?

(a) चार्ल्स विलकिंस

(b) सर विलियम जोन्स

(c) चार्ल्स स्टुअर्ट

(d) विलियम एर्सकीन

8. ब्रजभाषा किस प्राकृत भाषा से विकसित हुई है ?

(a) मागधी

(b) शौरसेनी

(c) ब्राचड

(d) पैशाची

9. तुलसीदास के काव्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. तुलसीदास की काव्य-रचना में अवधी, भोजपुरी और ब्रजभाषा के रूप मिलते हैं

2. 'कवितावली' की भाषा अवधी है

3. 'विनय-पत्रिका' ब्रजभाषा में रची गई है

4. 'गीतावली' की भाषा भोजपुरी है

उपर्युक्त वाक्यों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 4

(b) केवल 1 और 2

(c) 1 और 3

(d) केवल 3

10. ‘*गिरा अरथ जल बीचि सम, कहियत भिन्न न भिन्न*’, इस पंक्ति में *बीचि* शब्द का क्या अर्थ है ?

(a) मध्य

(b) लहर

(c) वाणी

(d) वायु

11. ‘*द्रवहु सो दसरथ अजिर बिहारी*’, इस पंक्ति में *अजिर* शब्द का क्या अर्थ है ?

(a) अजीर्ण

(b) युवा

(c) आँगन

(d) वृद्ध

12. ‘*अभ्र*’ निम्नलिखित में से किसका पर्यायवाची है ?

(a) अबरख

(b) तेजस्विता

(c) बादल

(d) वर्षा

13. निम्नलिखित में से, ‘*गुरु के समीप रहने वाला छात्र*’ के लिए प्रयुक्त पद कौन सा है ?

(a) अधित्यका

(b) अंतेवासी

(c) अनुवर्ती

(d) आपादमस्तक

14. निम्नलिखित में से, '*तैर कर पार होने की इच्छा रखने वाला*' के लिए प्रयुक्त पद कौन सा है ?

(a) तैराक

(b) तितीर्षु

(c) वह्निमान

(d) नाविक

15. निम्नलिखित में से काव्य 'मगध' का रचनाकार कौन है ?

(a) प्रभाकर माचवे

(b) भवानी प्रसाद मिश्र

(c) नरेश मेहता

(d) श्रीकांत वर्मा

16. अधिकांश भारतीय भाषाओं की लिपियों का विकास किस प्राचीन लिपि से हुआ है ?

(a) शारदा

(b) ब्राह्मी

(c) कैथी

(d) खरोष्ठी

17. निम्नलिखित शब्दों पर वर्तनी की दृष्टि से विचार कीजिए :

1. चिन्ह

2. ब्रम्ह

3. श्रृंगार

4. दुनियाँ

5. विमलेंदु

उपर्युक्त शब्दों में से कौन सा/से ***गलत*** है/हैं ?

(a) केवल 2

(b) 1, 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) 4 और 5

18. निम्नलिखित शब्दों पर वर्तनी की दृष्टि से विचार कीजिए :

1. अनारंभ

2. अनाभ्यस्त

3. अनासक्त

4. अनावधान

उपर्युक्त शब्दों में से कौन सा/से ***गलत*** है/हैं ?

(a) केवल 3

(b) केवल 2 और 4

(c) 1 और 3

(d) 1, 2 और 4

19. निम्नलिखित शब्दों पर वर्तनी या रचना की दृष्टि से विचार कीजिए :

1. सन्यासी

2. संन्यासी

3. बिमल

4. आर्शीवाद

उपर्युक्त शब्दों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

20. 'हर्षचरित' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(a) बाणभट्ट

(b) दण्डी

(c) कालिदास

(d) जयशंकर प्रसाद

21. 'आत्महत्या के विरुद्ध' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(a) दुष्यंत

(b) रघुवीर सहाय

(c) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(d) धूमिल

22. 'निशा निमंत्रण' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(a) डॉ0 रामकुमार वर्मा

(b) हरिवंश राय बच्चन

(c) महादेवी वर्मा

(d) सुमित्रानंदन पंत

23. 'पुष्प की अभिलाषा' निम्नलिखित में से किसकी कविता है ?

(a) सोहनलाल द्विवेदी

(b) श्यामनारायण पांडेय

(c) रामनरेश त्रिपाठी

(d) माखनलाल चतुर्वेदी

24. निम्नलिखित में से कौन , '*अजगर करै न चाकरी, पंछी करे न काम*' पंक्ति का रचयिता है?

(a) कबीरदास

(b) रैदास

(c) दादू दयाल

(d) मलूकदास

25. निम्नलिखित में से कौन , '*वोल्गा से गंगा*' का लेखक है?

(a) वारान्निकोव

(b) राहुल सांकृत्यायन

(c) मोहन राकेश

(d) यशपाल

26. निम्नलिखित में से कौन , '*हिंदी साहित्य की भूमिका*' का लेखक है?

(a) रामचंद्र शुक्ल

(b) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(c) नामवर सिंह

(d) नंददुलारे बाजपेयी

27. '*नीला चाँद*' निम्नलिखित में से किसकी रचना है?

(a) सुरेंद्र वर्मा

(b) शिवप्रसाद सिंह

(c) काशीनाथ सिंह

(d) नरेंद्र मोहन

28. निम्नलिखित शब्दों में से '*प्रणति*' का पर्यायवाची शब्द कौन सा है ?

(a) प्रणय

(b) परिणय

(c) प्रण

(d) प्रणाम

29. '*अँधेर नगरी*' निम्नलिखित में से किस विधा की रचना है ?

(a) नाटक

(b) उपन्यास

(c) रिपोर्ताज़

(d) रेखाचित्र

30. निम्नलिखित पुस्तकों को उनके प्रकाशन-वर्ष के आरोही क्रम में रखिए :

1. गोदान

2. आधा गाँव

3. झूठा सच

4. मुझे चाँद चाहिए

निम्नलिखित में से कौन सा , उपर्युक्त का सही क्रम है ?

(a) 1 , 3, 4 और 2

(b) 1 , 3, 2 और 4

(c) 4 , 2, 1 और 3

(d) 2 , 1, 4 और 3

31. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक जैनेंद्र कुमार हैं

2. 'त्यागपत्र' भगवतीचरण वर्मा का उपन्यास है

3. 'जुही की कली' निराला की रचना है

4. 'अभ्युदय' के संपादक पं० मदनमोहन मालवीय थे

उपर्युक्त कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) 1 , 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) 1 और 4

(d) 3 और 4

32. निम्नलिखित में से किन रचनाकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया है ?

1. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

2. सुमित्रानंदन पंत

3. रामधारी सिंह दिनकर

4. निर्मल वर्मा

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 , 3 और 4

(b) 2 , 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3 और 4

33. निम्नलिखित में से कौन , '*गुरु सुआ जेइ पंथ देखावा, बिनु गुरु जगत को निरगुन पावा*' पंक्ति का रचयिता है?

(a) कुतुबन

(b) उस्मान

(c) मलिक मोहम्मद जायसी

(d) मंझन

34. निम्नलिखित में से मोहन राकेश की रचना कौन सी है ?

(a) काली आँधी

(b) आषा ढ़ का एक दिन

(c) नर्म हवाओं के दिन

(d) अँधेरे के विरुद्ध

35. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (साहित्यिक रचना) | | सूची-2 (रचनाकार) | |
|---|---|---|---|
| A | अजातशत्रु | 1. | केदारनाथ अग्रवाल |
| B | तालाब और मछलियाँ | 2. | जयशंकर प्रसाद |
| C | फूल नहीं रंग बोलते हैं | 3. | त्रिलोचन |
| D | धरती | 4. | नागार्जुन |

कूट :

(a) A4, B2, C1, D3

(b) A4, B2, C3, D1

(c) A2, B4, C1, D3

(d) A2, B4, C3, D1

36. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (साहित्यिक रचना) | | सूची-2 (रचनाकार) | |
|---|---|---|---|
| A | बूँद और समुद्र | 1. | प्रेमचंद |
| B | दिव्या | 2. | जैनेंद्र |
| C | कायाकल्प | 3. | अमृतलाल नागर |
| D | सुनीता | 4. | यशपाल |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2

(b) A3, B1, C4, D2

(c) A2, B4, C1, D3

(d) A2, B1, C4, D3

37. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (साहित्यिक रचना) | | सूची-2 (रचनाकार) |
|---|---|---|
| A अनामिका | 1. | महादेवी वर्मा |
| B यामा | 2. | अज्ञेय |
| C कितनी नावों में कितनी बार | 3. | शमशेर बहादुर सिंह |
| D काल तुझसे हो ड़ है मेरी | 4. | निराला |

कूट :

(a) A3, B1, C2, D4
(b) A3, B2, C1, D4
(c) A4, B2, C1, D3
(d) A4, B1, C2, D3

38. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|
| A तार सप्तक | 1. | सरहपा |
| B दूसरा सप्तक | 2. | गिरिजा कुमार माथुर |
| C छायावाद | 3. | हरिनारायण व्यास |
| D सिद्ध कवि | 4. | डॉ० रामकुमार वर्मा |

कूट :

(a) A1, B3, C4, D2
(b) A2, B3, C4, D1
(c) A1, B4, C3, D2
(d) A2, B4, C3, D1

39. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (संपादक) | | सूची-2 (पत्रिका) | |
|---|---|---|---|
| A | राजेंद्र यादव | 1. | पहल |
| B | कमलेश्वर | 2. | हंस |
| C | रवींद्र कालिया | 3. | सारिका |
| D | ज्ञानरंजन | 4. | नया ज्ञानोदय |

कूट :

(a) A1, B4, C3, D2

(b) A2, B3, C4, D1

(c) A1, B3, C4, D2

(d) A2, B4, C3, D1

40. निम्नलिखित में से कौन सा एक , सही सुमेलित युग्म है ?

(a) कृष्णा सोबती ......पिंजड़े की मैना

(b) मृदुला गर्ग .......ऐ लड़की

(c) चित्रा मुद्‌गल ......शाल्मली

(d) मंजुल भगत ......अनारो

41. निम्नलिखित में से कौन सा एक , सही सुमेलित युग्म है ?

(a) मोहन राकेश... ...जिंदगी और जोंक

(b) अमरकांत... ...शरणदाता

(c) धर्मवीर भारती... ...सात गीत वर्ष

(d) कमलेश्वर... ...दादा कामरेड

42. निम्नलिखित में से कौन सा , महादेवी वर्मा कृत संस्मरण ***नहीं*** है ?

(a) पथ के साथी

(b) शृंखला की क ड़ियाँ

(c) अतीत के चलचित्र

(d) स्मृति की रेखाएँ

43. भारत सरकार की , भाषाओं के सर्वेक्षण की पहली योजना का निदेशक कौन था ?

(a) सुनीति कुमार चटर्जी

(b) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन

(c) हेनरी टॉमस कोलब्रुक

(d) सर विलियम जोन्स

44. 'हिंदोस्तानी-इंग्लिश डिक्शनरी' की रचना किसने की थी ?

(a) जॉन गिलक्राइस्ट

(b) फादर कामिल बुल्के

(c) हेनरी टॉमस कोलब्रुक

(d) हरदेव बाहरी

45. 'आधा गाँव' नामक उपन्यास का लेखक कौन है ?

(a) श्रीलाल शुक्ल

(b) मोहन राकेश

(c) राही मासूम रज़ा

(d) प्रेमचंद

46. ‘हंस’ पत्रिका का सर्वप्रथम संपादक कौन था ?

(a) राजेंद्र यादव

(b) कमलेश्वर

(c) प्रेमचंद

(d) भैरव प्रसाद गुप्त

47. हिंदी का विकास निम्नलिखित में से किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(a) केकय

(b) शौरसेनी

(c) मागधी

(d) अर्धमागधी

48. नीचे सूची-1 में जॉर्ज ग्रियर्सन के अनुसार मूल आर्यभाषाओं के नाम और सूची-2 में उन भाषाओं के प्रयोग का कालखंड दिया गया है । सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | वैदिक संस्कृत | 1. | 500 ई॰ से 1000 ई॰ |
| B | पालि | 2. | 1500 ई॰पू॰ से 500 ई॰पू॰ |
| C | साहित्यिक प्राकृतें | 3. | 500 ई॰पू॰ से 1 ई॰ |
| D | अपभ्रंश | 4. | 1 ई॰ से 500 ई॰ |

कूट :

(a) A2, B3, C4, D1

(b) A2, B4, C3, D1

(c) A1, B4, C3, D2

(d) A1, B3, C4, D2

49. विदेशी भाषाओं से हिंदी में आगत शब्दों के संदर्भ में , सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 | | सूची-2 | |
|---|---|---|---|
| A | औरत | 1. | पुर्तगाली |
| B | आदमी | 2. | तुर्की |
| C | तोप | 3. | अरबी |
| D | बोतल | 4. | फारसी |

कूट :

(a) A3, B4, C2, D1

(b) A1, B4, C2, D3

(c) A3, B2, C4, D1

(d) A1, B2, C4, D3

50. विदेशी भाषाओं से हिंदी में आगत शब्दों के संदर्भ में , सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 | | सूची-2 | |
|---|---|---|---|
| A | अदालत | 1. | पुर्तगाली |
| B | मोजा | 2. | फारसी |
| C | तंबाकू | 3. | अरबी |
| D | कारतूस | 4. | फ्रांसीसी |

कूट :

(a) A3, B2, C4, D1

(b) A3, B2, C1, D4

(c) A2, B3, C4, D1

(d) A2, B3, C1, D4

51. भारत-यूरोपीय भाषा-परिवार की ध्वनिप्रक्रिया के संदर्भ में , सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (अंग्रेजी शब्द) | | सूची-2 (शब्द में प्रयुक्त नासिक्य ध्वनि) | |
|---|---|---|---|
| A | Ink | 1. | न |
| B | Inch | 2. | ङ |
| C | Inter | 3. | ण |
| D | Insult | 4. | ञ |

कूट :

(a) A2, B4, C3, D1
(b) A4, B2, C3, D1
(c) A4, B2, C1, D3
(d) A2, B4, C1, D3

52. '*राजा, मंत्री, पाप*' शब्दों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) ये देशज शब्द हैं
(b) ये संस्कृत स्रोत के तत्सम शब्द हैं
(c) ये तमिल भाषा से संस्कृत में आगत शब्द हैं
(d) ये संस्कृत स्रोत के तद्भव शब्द हैं

53. '*अटकल, खचाखच, हिचकी*' शब्दों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सा कथन सही है?

(a) ये संस्कृत स्रोत के तत्सम शब्द हैं
(b) ये मलयालम भाषा से संस्कृत में आगत शब्द हैं
(c) ये देशज शब्द हैं
(d) ये विदेशी स्रोत से आगत शब्द हैं

54. राजभाषा नियम 1976 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा एक सही है ?

(a) अंदमान और निकोबार द्वीप ‘ क ’ क्षेत्र के अंतर्गत आता है

(b) झारखंड ‘ ख ’ क्षेत्र के अंतर्गत आता है

(c) दादरा और नागर हवेली ‘ ग ’ क्षेत्र के अंतर्गत आता है

(d) दमण और दीव ‘ ग ’ क्षेत्र के अंतर्गत आता है

55. विधि मंत्रालय ने विधि शब्दावली के निर्माण में अपनाए गए सिद्धांतों का ‘विधि शब्दावली’ के किस संस्करण की भूमिका में विस्तार से वर्णन किया है ?

(a) पहला

(b) पाँचवाँ

(c) चौथा

(d) छठा

56. राजभाषा विभाग के निदेशानुसार, ‘ ख ’ क्षेत्र के कार्यालयों में सभी प्रकार का प्रशिक्षण सामान्यत: किस भाषा में दिया जाना चाहिए ?

(a) हिंदी और अंग्रेजी में

(b) केवल हिंदी में

(c) केवल अंग्रेजी में

(d) राज्य की राजभाषा में

57. हिंदी के प्रचार और संवर्धन के लिए निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किस संस्था की स्थापना की गई ?

(a) हिंदी साहित्य सम्मेलन , प्रयाग

(b) नागरी प्रचारिणी सभा , काशी

(c) बिहार राष्ट्रभाषा परिषद

(d) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति , वर्धा

58. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए हिंदी भाषा के अनिवार्य प्रशिक्षण की व्यवस्था कहाँ की गई है ?

(a) केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

(b) प्रथम नियुक्ति के कार्यालय का हिंदी अनुभाग

(c) राजभाषा विभाग का ऑनलाइन पोर्टल

(d) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

59. भारत सरकार के मंत्रालयों, कार्यालयों, विभागों, बैंकों, उपक्रमों आदि द्वारा असांविधिक प्रक्रिया साहित्य का अनुवाद कराने के लिए किसके पास भेजा जाता है ?

(a) वैज्ञानिक एवम् तकनीकी शब्दावली आयोग

(b) केंद्रीय हिंदी संस्थान

(c) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

(d) संसदीय राजभाषा समिति

60. संसदीय राजभाषा समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?

(a) संसदीय कार्य मंत्री

(b) केंद्रीय गृह मंत्री

(c) केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री

(d) केंद्रीय गृह राज्यमंत्री

61. राजभाषा आयोग के प्रतिवेदन पर विचार करने के लिए बनाई गई समिति का अध्यक्ष कौन था ?

(a) पं ० जवाहरलाल नेहरू

(b) पं ० गोविंद वल्लभ पंत

(c) राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन

(d) सेठ गोविंददास

62. केंद्रीय हिंदी समिति का सचिव कौन होता है ?

(a) सचिव , मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(b) मंत्रिमंडल सचिव

(c) सचिव , संसदीय कार्य मंत्रालय

(d) सचिव , राजभाषा विभाग

63. भारत के संविधान के अनुच्छेद 351 में निम्नलिखित में से किस पद का प्रयोग किया गया है?

(a) भारत की बहुमुखी संस्कृति

(b) भारत की सामाजिक संस्कृति

(c) भारत की सामासिक संस्कृति

(d) भारत की बहुलवादी संस्कृति

64. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का अध्यक्ष | 1. | प्रधानमंत्री |
| B | कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष | 2. | नगर का वरिष्ठतम अधिकारी |
| C | केंद्रीय हिंदी समिति का अध्यक्ष | 3. | संबंधित विभाग का मंत्री |
| D | नगर राजभाषा समिति का अध्यक्ष | 4. | कार्यालय प्रमुख |

कूट :

(a) A3, B2, C1, D4

(b) A3, B4, C1, D2

(c) A1, B2, C3, D4

(d) A1, B4, C3, D2

65. संसद् ने संविधान में एक नया अनुच्छेद जो ड़ कर संविधान के हिंदी में प्राधिकृत पाठ का उपबंध किया । इस प्राधिकृत पाठ को प्रकाशित करने का प्राधिकार किसे दिया गया ?

(a) विधि मंत्रालय को

(b) राजभाषा विभाग को

(c) राष्ट्रपति को

(d) केंद्रीय सरकार को

66. संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन उच्च न्यायालय की कार्यवाहियों में हिंदी भाषा का या उस राज्य के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाली किसी अन्य भाषा का प्रयोग प्राधिकृत किया जा सकता है ?

(a) 348 (2)

(b) 348 (1)

(c) 348 (3)

(d) 349

67. राजभाषा आयोग से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राजभाषा आयोग का गठन जून 1955 में हुआ था

2. इसमें विभिन्न भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 20 सदस्य थे

3. इसके अध्यक्ष श्री बी. जी. खेर थे

4. इसका गठन प्रत्येक 10 वर्ष की समाप्ति पर होता रहा है

उपर्युक्त कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 , 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1 , 2, 3 और 4

68. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (संविधान का अनुच्छेद) | | सूची-2 (विषय) | |
|---|---|---|---|
| A | 351 | 1. | संघ की राजभाषा |
| B | 348 | 2. | राज्य की राजभाषा |
| C | 345 | 3. | उच्चतम न्यायालय में प्रयोग की जाने वाली भाषा |
| D | 343 | 4. | हिंदी भाषा के विकास के लिए निदेश |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2
(b) A3, B4, C2, D1
(c) A4, B3, C1, D2
(d) A4, B3, C2, D1

69. संविधान के अनुच्छेद 350ख के अधीन भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए विशेष अधिकारी कौन नियुक्त करता है ?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) केंद्रीय गृह मंत्री

(c) संघ लोक सेवा आयोग

(d) राजभाषा आयोग

70. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (संविधान का अनुच्छेद) | | सूची-2 (विषय) | |
|---|---|---|---|
| A | 350 | 1. | भाषा से संबंधित कुछ विधियाँ अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया |
| B | 350क | 2. | प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएँ |
| C | 346 | 3. | व्यथा के निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा |
| D | 349 | 4. | एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच या किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा |

कूट :

(a) A2, B3, C4, D1

(b) A3, B2, C1, D4

(c) A2, B3, C1, D4

(d) A3, B2, C4, D1

71. संविधान के अनुच्छेद 348(3) के अधीन किसी राज्य के विधान मंडल ने अंग्रेजी भाषा से भिन्न कोई भाषा विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयकों के लिए विहित की है तो किसके प्राधिकार से प्रकाशित अंग्रेजी भाषा में उसका अनुवाद उसका अंग्रेजी भाषा में प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा ?

(a) उस राज्य का मुख्यमंत्री

(b) उस राज्य का राज्यपाल

(c) उस राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति

(d) भारत का राष्ट्रपति

72. संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अपनाने के प्रस्ताव को किस तारीख को स्वीकृति प्रदान की ?

(a) 26 जनवरी 1950

(b) 10 जनवरी 1949

(c) 14 सितंबर 1950

(d) 14 सितंबर 1949

73. किसी राज्य के विधान मंडल में कार्य किस भाषा या किन भाषाओं में किया जा सकता है ?

(a) केवल राज्य की राजभाषा में

(b) राज्य की राजभाषा या हिंदी में

(c) राज्य की राजभाषा या अंग्रेजी में

(d) राज्य की राजभाषा या हिंदी या अंग्रेजी में

74. राज्यसभा के किसी सदस्य को अपनी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने के लिए :

(a) किसी की अनुमति लेना आवश्यक नहीं है

(b) अध्यक्ष से अनुमति लेनी होगी

(c) सभापति से अनुमति लेनी होगी

(d) राष्ट्रपति से अनुमति लेनी होगी

75. 27 अप्रैल 1960 के राष्ट्रपति के आदेश के अधीन शब्दावली निर्माण का कार्य किसे सौंपा गया ?

(a) तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय को

(b) तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय को

(c) तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय और हिंदीभाषी राज्यों को

(d) तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय और विधि मंत्रालय को

76. संविधान सभा के सदस्यों ने संविधान के हिंदी भाषा में अनुवाद पर भी हस्ताक्षर किए थे ।
इस अनुवाद का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है ?

(a) 12

(b) 393क

(c) 394क

(d) ऐसा कोई उल्लेख संविधान में नहीं है

77. संविधान में किस अनुच्छेद के अधीन राष्ट्रपति द्वारा राजभाषा आयोग का गठन किए जाने का उपबंध है ?

(a) 120

(b) 343

(c) 344

(d) 345

78. किसी राज्य का विधान मंडल किस/किन भाषा/भाषाओं को राज्य की राजभाषा के रूप में अंगीकार कर सकता है ?

(a) उस राज्य में प्रयोग होने वाली कोई भाषा

(b) आठवीं अनुसूची की कोई भाषा

(c) उस राज्य में प्रयोग होने वाली कोई भाषा या अंग्रेजी

(d) उस राज्य में प्रयोग होने वाली भाषाओं में से कोई एक या अधिक भाषाएँ या हिंदी

79. संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान में कितनी भाषाएँ हैं ?

(a) 18

(b) 20

(c) 22

(d) 24

80. निम्नलिखित में से किस वर्ष में ‘ बोडो ’ को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया ?

(a) 1963

(b) 1967

(c) 1976

(d) 2003

81. संसदीय राजभाषा समिति के गठन के संबंध में उपबंध निम्नलिखित में से किसमें/किनमें शामिल है ?

(a) केवल संविधान के अनुच्छेद 344 में

(b) केवल राजभाषा अधिनियम 1963 में

(c) न तो संविधान के अनुच्छेद 344 में , न ही राजभाषा अधिनियम 1963 में

(d) संविधान के अनुच्छेद 344 और राजभाषा अधिनियम 1963 दोनों में

82. 1960 के राष्ट्रपति के आदेश के क्रियान्वयन में विधि मंत्रालय ने मानक विधिक शब्दावली तैयार करने के लिए एक आयोग की स्थापना कौन से वर्ष में की ?

(a) 1960

(b) 1961

(c) 1962

(d) 1965

83. हिंदी की मानक वर्णमाला में मूलत: कितने स्वर और व्यंजन हैं ?

(a) 11 स्वर और 35 व्यंजन
(b) 12 स्वर और 38 व्यंजन
(c) 13 स्वर और 38 व्यंजन
(d) 10 स्वर और 33 व्यंजन

84. निम्नलिखित में से कौन सा एक सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) बिल्व–बिल
(b) क्षेत्र–खेत
(c) सूचिका–सुई
(d) पृष्ठ–पीठ

85. किसी राज्य के उच्च न्यायालय को अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त हिंदी या उस राज्य की राजभाषा में निर्णय, डिक्री या आदेश पारित करने के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित में से कौन प्राधिकृत करता है ?

(a) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

(b) राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति

(c) राष्ट्रपति की पूर्व-सम्मति से राज्य का राज्यपाल

(d) राष्ट्रपति की पूर्व-सम्मति से राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति

86. राजभाषा अधिनियम 1963 के अधीन , अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति किसे है ?

(a) संसद्

(b) केंद्रीय सरकार

(c) राष्ट्रपति

(d) राजभाषा विभाग

87. संसदीय राजभाषा समिति संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति का पुनर्विलोकन कर किसको प्रतिवेदन करती है ?

(a) लोक सभा को

(b) राज्यसभा को

(c) राष्ट्रपति को

(d) संसद् के दोनों सदनों को

88. केंद्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय , विभाग या कार्यालय द्वारा निष्पादित संविदाओं और करारों के लिए तथा निकाली गई अनुज्ञप्तियों, अनुज्ञापत्रों, सूचनाओं और निविदा प्ररूपों के लिए :

(a) हिंदी भाषा ही प्रयोग में लाई जाएगी

(b) अंग्रेजी भाषा ही प्रयोग में लाई जाएगी

(c) हिंदी और अंग्रेजी भाषा दोनों ही प्रयोग में लाई जाएगी

(d) हिंदी , अंग्रेजी और राज्य की कोई अन्य राजभाषा प्रयोग में लाई जाएगी

89. राजभाषा अधिनियम , 1963 की कौन सी धारा/धाराएँ जम्मू-कश्मीर को लागू नहीं है/हैं ?

(a) केवल धारा 9

(b) केवल धारा 7

(c) धारा 6 और 7

(d) धारा 8 और 9

90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रयोग में लाई जाएगी :

1. संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच , जिसने हिंदी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है

2. संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच , जिसकी अपनी राजभाषा हिंदी है

3. संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच , जिसकी अपनी राजभाषा अंग्रेजी है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1 , 2 और 3

91. संविधान के प्रारंभ से पंद्रह वर्ष की अवधि बीत जाने पर भी संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा के विधिमान्य रहने का आधार क्या है ?

(a) संविधान का अनुच्छेद 343

(b) संविधान का अनुच्छेद 351

(c) राष्ट्रपति आदेश , 1960

(d) राजभाषा अधिनियम , 1963

92. सुप्रसिद्ध कथाकार कमलेश्वर का संबंध निम्नलिखित में से किस साहित्यिक आंदोलन से है?

(a) जनवादी कहानी
(b) नई कहानी
(c) आधुनिकतावाद
(d) प्रगतिवाद

93. संसद् में पुर:स्थापित किए जाने वाले विधेयकों के प्राधिकृत अनुवाद तैयार करने का कार्य कौन करता है ?

(a) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो
(b) संबद्ध विभाग या मंत्रालय
(c) विधायी विभाग
(d) लोक सभा

94. केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय में कार्य करने वाले कितने प्रतिशत कर्मचारियों के हिंदी का ज्ञान प्राप्त करने पर सामान्यतया यह समझा जाएगा कि उस कार्यालय में कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है ?

(a) 50
(b) 66
(c) 75
(d) 80

95. यह सुनिश्चित करना कि राजभाषा अधिनियम , 1963 और राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के उपबंधों का समुचित रूप से अनुपालन हो रहा है, किस का उत्तरदायित्व है ?

(a) केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का
(b) केंद्रीय सरकार के राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) का
(c) केंद्रीय सरकार के विधि मंत्रालय का
(d) केंद्रीय सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग का

96. केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय के कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है या नहीं, यह कौन अवधारित कर सकता है ?

(a) केवल केंद्रीय सरकार
(b) उस कार्यालय का प्रमुख
(c) केंद्रीय सरकार या केंद्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अधिकारी
(d) भारत का राष्ट्रपति

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राजभाषा नियम , 1976 के नियम 8(4) के अधीन विनिर्दिष्ट कार्यालयों के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर चुके कर्मचारियों को हिंदी में ही नोटिंग, ड्राफ्टिंग करने का आदेश दिया जा सकता है ।

2. केंद्रीय सरकार का कोई भी कर्मचारी , जो हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखता है, हिंदी में किसी दस्तावेज़ के अंग्रेजी अनुवाद की माँग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज़ विधिक या तकनीकी प्रकृति का है, अन्यथा नहीं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 , न ही 2

98. हिंदी और अंग्रेजी की प्रयुक्तियों में समानता की दृष्टि से सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | आँख से उतरना | 1. | To beat about the bush |
| B | वीरभोग्या वसुंधरा | 2. | To manage to live well despite abject poverty |
| C | मुख्य बात या मुद्दे पर न आना | 3. | Fortune favours the brave |
| D | धूल-धक्कड़ खा कर भी बढ़ना | 4. | To fall from grace |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2
(b) A3, B4, C2, D1
(c) A4, B3, C1, D2
(d) A4, B3, C2, D1

99. हिंदी और अंग्रेजी के मुहावरों में समानता की दृष्टि से सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | चित भी मेरी, पट भी मेरी | 1. | Gone is the goose that was golden |
| B | चोर की दाढ़ी में तिनका | 2. | Paradise in wilderness |
| C | वे दिन गए जब ख़लील ख़ाँ फ़ाख़्ता उड़ाया करते थे | 3. | Heads I win, tails you lose |
| D | जंगल में मंगल | 4. | A guilty conscience needs no accuser |

कूट :

(a) A3, B1, C4, D2
(b) A3, B4, C1, D2
(c) A2, B1, C4, D3
(d) A2, B4, C1, D3

100. निम्नलिखित में से 'चाँद' पत्रिका का संपादक कौन था/थी ?

(a) प्रेमचंद
(b) सुभद्राकुमारी चौहान
(c) पदुमलाल पुन्नालाल बख़्शी
(d) महादेवी वर्मा

101. सॉफ्टेक इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित 'अक्षर फोर विंडोज़' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह विंडोज़ आधारित फॉन्ट्स बेस पैकेज़ है
2. यह विंडोज़ के वर्जन 95/ 98/ NT/ 2000/ XP के साथ कार्य करता है
3. इसमें डॉ0 हरदेव बाहरी की अंग्रेजी से हिंदी डिक्शनरी उपलब्ध है
4. इसमें भारतीय पारंपरिक संस्कृति से संबंधित क्लिप आर्ट्स दिए गए हैं

उपर्युक्त में से कौन-कौन से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1 , 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

102. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा किए गए हिंदी वर्तनी के मानकीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक पद ***गलत*** है ?

(a) चाल-चलन

(b) तुम-सा

(c) राम जैसा

(d) यहाँ तक

103. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा किए गए हिंदी वर्तनी के मानकीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित पदों पर विचार कीजिए :

1. मानव मात्र

2. दस रुपए मात्र

3. यथा समय

4. आपके साथ

उपर्युक्त में से कौन से पद ***गलत*** हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 4

(d) 3 और 4

104. 'All but four students have passed the examination' का सही हिंदी अनुवाद कौन सा है ?

(a) सभी किंतु चार छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं

(b) सभी में से सिर्फ चार छात्र ही परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं

(c) चार को छो ड़ कर सभी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं

(d) चार छात्र सभी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए हैं

105. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा किए गए हिंदी वर्तनी के मानकीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित पदों पर विचार कीजिए :

1. मेरे से
2. राम से
3. आप से
4. इसमें से

उपर्युक्त में से कौन से पद सही हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 4

(d) 3 और 4

106. 'Your house is too noisy for me to work' का सही हिंदी अनुवाद कौन सा है ?

(a) आपके घर में बहुत शोर है क्योंकि मैं काम कर रहा हूँ

(b) आपके घर में बहुत शोर है फिर भी मैं काम कर लूँगा

(c) आपके घर में इतना शोरगुल है कि मैं काम नहीं कर सकता

(d) मुझे काम करते हुए आपके घर से शोर सुनाई देता है

107.

निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. किसी बैठक से पहले कार्यसूची तैयार की जाती है
2. किसी बैठक के उपरांत कार्यवृत्त तैयार किया जाता है
3. कार्यवृत्त बैठक के अध्यक्ष के अनुमोदन से जारी किया जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 2 और 3

(b) 1 , 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 3

108. संविधान के अनुच्छेद 351 में हिंदी के अतिरिक्त दो और भाषाओं का उल्लेख उनके नाम से किया गया है । ये भाषाएँ हैं :

(a) अंग्रेज़ी, संस्कृत
(b) संस्कृत , उर्दू
(c) संस्कृत , हिंदुस्तानी
(d) ऐसा कोई उल्लेख इस अनुच्छेद में नहीं है

109. भारत के संविधान के प्राधिकृत हिंदी पाठ में Supreme Court के लिए किस नाम का प्रयोग किया गया है ?

(a) सर्वोच्च न्यायालय
(b) उच्चतम न्यायालय
(c) शीर्ष न्यायालय
(d) सर्वोपरि न्यायालय

110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में प्रोन्नति परीक्षाओं के प्रश्नपत्र द्विभाषी होने अनिवार्य नहीं हैं ।

2. प्रोन्नति परीक्षा में जहाँ साक्षात्कार लिया जाना हो वहाँ प्रश्नों के उत्तर हिंदी में देने की छूट है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 , न ही 2

111. प्रसिद्ध पुस्तक 'भाषा और समाज' का लेखक निम्नलिखित में से कौन है ?

(a) धीरेंद्र वर्मा
(b) उदयनारायण तिवारी
(c) रामविलास शर्मा
(d) रवींद्रनाथ श्रीवास्तव

112. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 | | सूची-2 | |
|---|---|---|---|
| A | deed | 1. | लिखत |
| B | document | 2. | लेख |
| C | instrument | 3. | दस्तावेज़ |
| D | article | 4. | विलेख |

कूट :

(a) A4, B3, C1, D2

(b) A3, B4, C1, D2

(c) A4, B3, C2, D1

(d) A3, B4, C2, D1

113. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 | | सूची-2 | |
|---|---|---|---|
| A | संगम | 1. | federation |
| B | संघ | 2. | committee |
| C | परिसंघ | 3. | union |
| D | समिति | 4. | association |

कूट :

(a) A4, B3, C1, D2

(b) A3, B4, C1, D2

(c) A3, B4, C2, D1

(d) A4, B3, C2, D1

114. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | प्रतिकर | 1. | damage |
| B | प्रतिफल | 2. | damages |
| C | नुकसानी | 3. | compensation |
| D | नुकसान | 4. | consideration |

कूट :

(a) A4, B3, C1, D2

(b) A3, B4, C1, D2

(c) A4, B3, C2, D1

(d) A3, B4, C2, D1

115. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | shape | 1. | आकृति |
| B | figure | 2. | आयतन |
| C | size | 3. | आकार |
| D | volume | 4. | आमाप |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2

(b) A2, B4, C1, D3

(c) A3, B1, C4, D2

(d) A2, B1, C4, D3

116. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | invigilation | 1. | निरीक्षण |
| B | evaluation | 2. | प्रेक्षण |
| C | inspection | 3. | मूल्यांकन |
| D | observation | 4. | अन्वीक्षण |

कूट :

(a) A4, B1, C3, D2

(b) A2, B1, C3, D4

(c) A2, B3, C1, D4

(d) A4, B3, C1, D2

117. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | efficiency | 1. | सक्षमता |
| B | competence | 2. | प्रवीणता |
| C | capacity | 3. | दक्षता |
| D | proficiency | 4. | धारिता |

कूट :

(a) A2, B1, C4, D3

(b) A3, B1, C4, D2

(c) A3, B4, C1, D2

(d) A2, B4, C1, D3

118. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | clause | 1. | अनुच्छेद |
| B | section | 2. | भाग |
| C | article | 3. | धारा |
| D | part | 4. | खंड |

कूट :

(a) A2, B1, C3, D4

(b) A2, B3, C1, D4

(c) A4, B3, C1, D2

(d) A4, B1, C3, D2

119. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | privilege | 1. | अधिकार |
| B | right | 2. | परमाधिकार |
| C | prerogative | 3. | विशेषाधिकार |
| D | lien | 4. | धारणाधिकार |

कूट :

(a) A3, B1, C2, D4

(b) A3, B2, C1, D4

(c) A4, B1, C2, D3

(d) A4, B2, C1, D3

120. 'Precipitation' का हिंदी पर्याय निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(a) अवसादन

(b) क्रिस्टलन

(c) वर्षण

(d) हिमीभवन

121. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | transport | 1. | संवहन |
| B | convection | 2. | परिवहन |
| C | shipping | 3. | पारवहन |
| D | transit | 4. | नौपरिवहन |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2

(b) A2, B1, C4, D3

(c) A2, B4, C1, D3

(d) A3, B1, C4, D2

122. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | bias | 1. | पूर्वग्रह |
| B | prejudice | 2. | पक्षपात |
| C | interest | 3. | हित |
| D | preference | 4. | अधिमान |

कूट :

(a) A2, B1, C3, D4

(b) A1, B2, C3, D4

(c) A1, B2, C4, D3

(d) A2, B1, C4, D3

123 सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | internship | 1. | वृत्तिका |
| B | scholarship | 2. | पुरस्कार |
| C | stipend | 3. | छात्रवृत्ति |
| D | award | 4. | प्रशिक्षुता |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2

(b) A3, B4, C2, D1

(c) A4, B3, C2, D1

(d) A4, B3, C1, D2

124. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | नियोजन | 1. | adjustment |
| B | विनियोजन | 2. | employment |
| C | समायोजन | 3. | appropriation |
| D | सहयोजन | 4. | co-option |

कूट :

(a) A2, B3, C4, D1

(b) A3, B2, C1, D4

(c) A2, B3, C1, D4

(d) A3, B2, C4, D1

125. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | अनुमान | 1. | decision |
| B | निष्कर्ष | 2. | judgement |
| C | निर्णय | 3. | conclusion |
| D | विनिश्चय | 4. | inference |

कूट :

(a) A4, B1, C2, D3

(b) A4, B3, C2, D1

(c) A2, B1, C4, D3

(d) A2, B3, C4, D1

126. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | राजकोषीय | 1. | monetary |
| B | मौद्रिक | 2. | financial |
| C | वित्तीय | 3. | economic |
| D | आर्थिक | 4. | fiscal |

कूट :

(a) A2, B1, C4, D3

(b) A2, B3, C4, D1

(c) A4, B1, C2, D3

(d) A4, B3, C2, D1

127. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | Court of justice | 1. | न्यायपालिका |
| B | Justiciable | 2. | न्यायमूर्ति |
| C | Justice | 3. | न्यायनिर्णय |
| D | Judiciary | 4. | न्यायालय |

कूट :

(a) A3, B4, C1, D2
(b) A4, B3, C1, D2
(c) A4, B3, C2, D1
(d) A3, B4, C2, D1

128. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | परिवाद | 1. | impeachment |
| B | महाभियोग | 2. | accusation |
| C | आरोप | 3. | complaint |
| D | अभियोग | 4. | charge |

कूट :

(a) A3, B1, C2, D4
(b) A1, B3, C2, D4
(c) A1, B3, C4, D2
(d) A3, B1, C4, D2

129. 'capital at charge' का हिंदी पर्याय निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(a) प्रभारित पूँजी
(b) व्ययाधीन पूँजी
(c) ब्याजदेय पूँजी
(d) वसूलीयोग्य पूँजी

130. कंप्यूटर साधित अनुवाद प्रणाली- 'मंत्र-राजभाषा' का निर्माण किसके द्वारा किया गया है ?

(a) राजभाषा विभाग द्वारा EdCIL की सहायता से
(b) राजभाषा विभाग द्वारा सीडैक ( CDAC) की सहायता से
(c) NIC द्वारा
(d) मेगासॉफ्टवेयर इंडिया द्वारा

131. सीडैक द्वारा भारतीय भाषाओं के लिए तैयार किए गए शब्द-संसाधक सॉफ्टवेयर 'लीप ऑफिस 2000' के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. इसकी सहायता से अंग्रेजी से भारतीय भाषाओं में शब्दों और फ्रेज़ेज़ को रूपांतरित किया जा सकता है
2. इसकी सहायता से भारतीय भाषाओं में बनाए गए डॉकुमेंट्स को एचटीएमएल फॉर्मेट में सेव कर इंटरनेट पर डाला जा सकता है
3. इसकी सहायता से अंग्रेजी के तकनीकी प्रकृति के परिच्छेद का हिंदी में सटीक अनुवाद प्राप्त किया जा सकता है
4. इसकी सहायता से हिंदी स्पीच को टेक्स्ट में रूपांतरित किया जा सकता है

उपर्युक्त में से कौन-कौन से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 2

132. संघ का शासकीय कार्य कंप्यूटर पर हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम में निम्नलिखित में से केवल किसका प्रयोग करने की सलाह दी गई है ?

(a) यूनिकोड एनकोडिंग
(b) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड
(c) विकिपीडिया
(d) गूगल

133. हिंदी पाठ्यक्रमों 'प्रबोध', 'प्रवीण' और 'प्राज्ञ' की ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए सॉफ्टवेयर का क्या नाम है ?

(a) श्रुतलेखन
(b) मंत्र
(c) लीला
(d) वाचांतर

134. प्रशासन और मानविकी के क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग के लिए मानक शब्दावली का निर्माण प्राधिकृत रूप से किसने किया है ?

(a) विधि मंत्रालय

(b) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

(c) वैज्ञानिक एवम् तकनीकी शब्दावली आयोग

(d) केंद्रीय अनुवाद परिषद्

135. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा किए गए हिंदी वर्तनी के मानकीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द उचित ***नहीं*** है ?

(a) दुस्साहस

(b) निस्स्वार्थ

(c) निश्शब्द

(d) निस्तेज

136. 'नई कविता' पत्रिका का प्रकाशन किस साहित्यकार ने किया था ?

(a) जगदीश गुप्त

(b) श्रीनरेश मेहता

(c) श्रीकांत वर्मा

(d) धर्मवीर भारती

137. 'भाषा' पत्रिका किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है ?

(a) केंद्रीय हिंदी निदेशालय

(b) दिल्ली हिंदी अकादमी

(c) राजभाषा विभाग

(d) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

138. 'राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा' की स्थापना किसकी प्रेरणा से हुई ?

(a) राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन

(b) केशवचंद्र सेन

(c) सदल मिश्र

(d) महात्मा गाँधी

139. ‘दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा’ की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(a) 1929

(b) 1913

(c) 1918

(d) 1923

140. संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में निम्नलिखित में से कौन सी भाषा सम्मिलित नहीं है ?

(a) फ्रेंच

(b) जर्मन

(c) अरबी

(d) रूसी

141. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-1 (विश्व हिंदी सम्मेलन) | | सूची-2 (आयोजन का स्थान) | |
|---|---|---|---|
| A | नौवाँ | 1. | पारामारिबो |
| B | आठवाँ | 2. | नागपुर |
| C | पहला | 3. | जोहान्सबर्ग |
| D | सातवाँ | 4. | न्यूयॉर्क |

कूट :

(a) A4, B3, C1, D2

(b) A3, B4, C2, D1

(c) A3, B4, C1, D2

(d) A4, B3, C2, D1

142. प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन किस तारीख को आरंभ हुआ ?

(a) 26 जनवरी 1950

(b) 15 अगस्त 1960

(c) 10 जनवरी 1975

(d) 12 फरवरी 1979

143. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A | राजभाषा भारती | 1. | केंद्रीय हिंदी संस्थान |
| B | गवेषणा | 2. | दिल्ली हिंदी अकादमी |
| C | इंद्रप्रस्थ भारती | 3. | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग |
| D | ज्ञान गरिमा सिंधु | 4. | राजभाषा विभाग |

कूट :

(a) A4, B1, C3, D2

(b) A1, B4, C2, D3

(c) A1, B4, C3, D2

(d) A4, B1, C2, D3

144. 'भारतीय भाषा संस्थान' कहाँ स्थित है ?

(a) कोलकाता

(b) बेंगलुरु

(c) हैदराबाद

(d) मैसूर

145. 'हिंदीतर भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार' निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा दिया जाता है?

(a) केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

(b) भारतीय भाषा परिषद्

(c) केंद्रीय हिंदी निदेशालय

(d) भारतीय भाषा संस्थान

146. विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एक सचिवालय की स्थापना कहाँ की गई है?

(a) भारत

(b) मॉरीशस

(c) फिजी

(d) दक्षिण अफ्रीका

147. 'अनुवाद' पत्रिका का प्रकाशन किसके द्वारा किया जाता है ?

(a) भारतीय भाषा परिषद्

(b) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

(c) भारतीय भाषा संस्थान

(d) भारतीय अनुवाद परिषद्

148. 'रानी केतकी की कहानी' नामक प्रसिद्ध रचना किस साहित्यकार ने लिखी थी ?

(a) यशपाल

(b) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

(c) इंशा अल्ला खाँ

(d) प्रेमचंद

149. निम्नलिखित में से किस संघ राज्यक्षेत्र की राजभाषा हिंदी है ?

(a) अंदमान और निकोबार द्वीप

(b) दादरा और नागर हवेली

(c) चंडीग ढ़

(d) लक्षद्वीप

150. रामधारी सिंह दिनकर कृत '*उर्वशी*' साहित्य की किस विधा की रचना है ?

(a) मुक्तक काव्य

(b) खंड काव्य

(c) चंपू काव्य

(d) महाकाव्य